मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-304
21/07/2022

मुख्यमंत्री ने बक्सर जिलान्तर्गत रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन का नाम बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ रेलवे स्टेशन किये जाने के संबंध में केन्द्रीय रेल मंत्री को लिखा पत्र

पटना, 21 जुलाई 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को बक्सर जिलान्तर्गत रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन का नाम बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ रेलवे स्टेशन किये जाने के संबंध में पत्र लिखा।

पत्र में मुख्यमंत्री ने लिखा कि आपको अवगत कराना है कि बिहार राज्य के बक्सर जिलान्तर्गत ब्रह्मपुर प्रखण्ड में बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर अवस्थित है, जो भगवान शिव का अति प्राचीन एवं पौराणिक मंदिर है। ऐसी मान्यता है कि भगवान ब्रह्मा ने ही इस मंदिर की स्थापना की थी, जिसके कारण इसका नाम ब्रह्मेश्वर स्थान पड़ा है। यह मंदिर मनोकामना–लिंग के रूप में प्रसिद्ध है। यहाँ जलाभिषेक हेतु वर्ष भर श्रद्धालुओं का आगमन होता रहता है। विशेषकर फाल्गुन एवं श्रावण माह में भारी भीड़ होती है। फाल्गुन माह में महाशिवरात्रि में यहाँ पशुओं का विशाल मेला भी लगता है। बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर के निकट ही रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन है। जिले के बाहर से श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु यह रेलवे स्टेशन बहुत महत्वपूर्ण है। यहाँ के लोगों की यह हमेशा इच्छा रही है कि रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन का नाम बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ के नाम पर करते हुये 'बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ रेलवे स्टेशन' कर दिया जाय। राज्य सरकार अनुशंसा करती है कि रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन का नाम 'बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ रेलवे स्टेशन' किया जाय।

******